1. **प्रमुख शहरों में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन/बाजार संवर्धनात्मक बैठकें:**

विभिन्न मूल्यवर्धित नारियल उत्पादों के बाजार विकास में सहायता के लिए मेट्रो शहरों में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित करता है। नारियल उत्पादों के लिए इच्छुक व्यापारियों और वितरकों को क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों में आमंत्रित किया जाएगा, जहां वे नाविबो द्वारा समर्थित उद्यमियों के साथ परिचर्चा कर सकते हैं। नाविबो द्वारा भाग ली जाने वाली प्रदर्शनियों और व्यापार मेलों में क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। नाविबो उद्यमियों (विक्रेता पक्ष से) के लिए निम्नलिखित खर्चों के लिए निर्दिष्ट शर्तों और सीमाओं के अधीन सहायता प्रदान करेगा।

मद	सहायता
यात्रा सहायता	2 व्यक्तियों/इकाई के लिए इकॉनमी उड़ान शुल्क, अधिकतम रु. 40,000 प्रति इकाई (उद्यम) सहायता के रूप में (आना-जाना)
आवास सहायता	सहायता राशि 1500 रुपए प्रति इकाई प्रति दिन
दैनिक भत्ता	सहायता राशि 450 रुपए प्रति इकाई प्रति दिन
उत्पाद लाने के लिए परिवहन भत्ता	सहायता के रूप में प्रति इकाई मात्र 5000 रुपए की समेकित राशि

इसके अलावा नारियल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 5 उद्यमियों (खासकर राज्य के भीतर से) और राज्य के लगभग 60-70 इच्छुक हितधारकों की भागीदारी के साथ प्रमुख नारियल उत्पादक राज्यों में **बाजार संवर्धन सम्मेलन** आयोजित की किए जाएंगे। बाजार संवर्धन सम्मेलन का उद्देश्य नारियल उत्पादों के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना और उत्पादों को बढ़ावा देना है। इसके लिए अनुमानित लागत नीचे सारणी में सूचित की गयी है।

मद	**प्रस्तावित सहायता**	**कुल लागत (रुपए)**
उद्यमियों को यात्रा सहायता	प्रति इकाई यात्रा शुल्क 2000 रुपए प्रति इकाई एक व्यक्ति के लिए (आना-जाना)	10000
आवास सहायता	सहायता राशि 1500 रुपए प्रति इकाई प्रति दिन	7500
स्थल, अन्य व्यवस्थाएं	8000 रुपए	8000
वर्किंग लंच	7500 रुपए (100 रु. x75)	7500
विविध व्यय	2000 रुपए	2000
कुल		**35000**